No. 16015/1/2019-PMI
Government of India
Ministry of Chemicals & Fertilizers
Department of Fertilizers
*****

Shastri Bhawan, New Delhi
Dated : 24th May, 2019

## OFFICE MEMORANDUM

**Subject : Monthly Summary to the Cabinet for the month of April 2019-reg.**

The undersigned is directed to circulate herewith the Monthly Summary pertaining to the Department of Fertilizers for the month of April 2019, for information.

This issues with the approval of competent authority.

(Johan Topano)
Deputy Secretary to the Govt. of India

To,

1. All members of Council of Ministers

Copy to :

1. Secretaries to the Govt. of India, All Ministries/Departments
2. Director, Cabinet Secretariat, Rashtrapati Bhawan, New Delhi-110004.
3. Sr. PPS to Secretary (F)
4. NIC for uploading on DoF website.

**Subject : Monthly Summary of Dept. of Fertilizers for the month of April, 2019.**

1. **Overall production performance during the month :**

**(Fig. in 'LMT')**

| Product Name | Production during the month | Cumulative production upto the month |
|---|---|---|
| Urea | 16.51 | 16.51 |
| DAP | 4.18 | 4.18 |
| Ammonium Sulphate (A/S) | 0.32 | 0.32 |
| Complex Fertilizers | 5.20 | 5.20 |
| Single Super Phosphate | 2.56 | 2.56 |

Source mfms.nic.in as on 8.5.2019

2. **Assessed Requirement, Availability and Sales of fertilizers during the month :**

**(Fig. in 'LMT')**

| Product Name | Assessed Requirement | Availability | Sales |
|---|---|---|---|
| Urea | 17.82 | 25.07 | 14.05 |
| DAP | 6.33 | 16.72 | 3.01 |
| MOP | 2.35 | 4.43 | 0.84 |
| Complex | 5.16 | 19.08 | 2.40 |

Source of data is iFMS

3. **Details of Imported Finished Fertilizers during the month:**

| Product Name | Quantity in 'LMT' |
|---|---|
| Urea | 1.75 |
| MOP for Agriculture use | 2.78 |
| DAP | 5.38 |
| NPK | 0.44 |

4. **Status of revival of closed units of FCIL/HFCL**

**(a). Revival of Ramagundam Unit:**

Ramagundam unit of FCIL is being revived on nomination basis by consortium of PSUs namely Engineers India Limited (EIL), National Fertilizers Limited (NFL) and FCIL by setting up a gas based fertilizer plant of 1.27 MMTPA capacity. As on 30th April, 2019, 96.4% of physical progress of the project has been made. The project is likely to be commissioned in FY 2019-20.

The project activities are being monitored closely by Department of Fertilizers through monthly review meetings being held under the chairmanship of Secretary (Fertilizers). The last review meeting was held on 23.04.2019. The major progress completed was that Transco Switchyard has been charged with grid power on 30.03.2019. However, it is observed that four contractors, namely Wipro for water block, Simplex for prilling tower, BHEL for Utility Boiler & tubes and GITL for gas connectivity have slipped significantly in adhering to their promised timelines. Earlier, these contractor/executing agencies promised to finish the installation/execution of their parts by March, 2018 (Wipro), September, 2018 (BHEL), June, 2018 (Simplex for prilling tower) and December, 2018 {later shifted to 28.02.2019} (GITL). However, from the monthly review on 23.04.2019, it was found that except GITL, the other three may be able to finish their respective execution only between time and August, 2019. This will have significant implication in meeting the deadline for commercial production of urea from this revamped unit. The delay on their part will delay the commissioning of the project by additional 3 months. Secretary (Fertilizers) has taken up the matter with the heads of these organization to expedite execution of the respective components.

The matter regarding availability of water plant battery limit by 1st week of May, 2019 and release of balance equity of Rs. 33.68 crores was discussed with representative of State Government of Telangana to expedite the matter.

The matter regarding disposal of storm water & treated effluent has also discussed in the meeting. Considering the practical difficulty in widening & cleaning of the existing drains, Ramagundam Municipal Corporation (RMC) advised RFCL to follow up a different route for laying a new pipeline for treated effluent. Accordingly, an alternative route, which was followed for raw water supply from Godavari to old plant has been identified in consultation with RMC. RFCL has already initiated the engineering & other survey works of the area and shall approach RMC wherever, their help is required.

**(b). Revival of Talcher Unit:**

Talcher unit is being revived through 'Nomination Basis' by forming a JV of nominated PSUs. JV company has been named as Talcher Fertilizers Ltd. (TFL). Equity of GAIL, RCF & CIL in TFL is 29.67% each & FCIL's 10.99 %. New Ammonia Urea plant of 1.27 MMTPA capacity based on Coal Gasification Technology is being set up. The total progress (pre-project overall) of TFL is 29% as on 31.03.2019. TFL is in process of awarding the LSTK contract for Coal Gasification and Ammonia Urea Unit. The evaluation of LSTK Bids for Coal Gasification was completed on 15th May, 2019 and the final evaluation of LSTK bids for Ammonia Urea is under process.Final DFR incorporating inputs from LSTK tenders is expected by end of May, 2019. Thereafter, TFL Board will consider the DFR and take decision on award of LSTK constract.

In the meantime, site enabling works (Land development work) has commenced and as on 31.03.2019, the progress achieved is 24% as against the schedule of 72%. The level recording completed for major LSTK works and ground leveling job for coal gasification area is near completion. With respect to major offsite tenders like raw water and fire water reservoir, DM water, raw water system, plant/instrument air system, PDIL informed that all tenders are under preparation and final tender shall be provided to TFL after their internal approvals by end of April/1st week of May, 2019.

Ministry of Coal vide DO letter dated 28.03.2019 has approved extension of time for submitting Performance Bank Guarantee in r/o North of Arkhapal coal mine up to 31st July, 2019.

The project activities are being monitored closely by Department of Fertilizers through monthly review meetings being held under the chairmanship of Secretary (Fertilizers). The last review meeting was held on 23.04.2019.

**(c) Revival of Gorakhpur, Sindri, and Barauni units:**

Gorakhpur, Sindri and Barauni units are being revived through SPV of Public Sector Undertakings, namely, National Thermal Power Corporation, Coal India Limited, Indian Oil Corporation Limited and Fertilizer Corporation of India Limited / Hindustan Fertilizer Corporation Limited by setting up gas based fertilizer plants of 1.27 MMTPA capacity each. Status of these projects is as under:
A joint Venture company by name Hindustan Urvarak&Rasayan Limited (HURL) has been formed.

The pre-project activities namely, pre- feasibility, Geo technical investigation and Hydro topographic studies and geological and ground water study for water availability have been completed in respect of all the three projects. Development of these projects are as under:

- `As on 25.03.2019, the overall progress of Barauni unit, Sindri and Gorakhpur units of HURL are 22.80%, 23% and 41.65% respectively which is largely as per schedule.
- In pursuance of CCEA decision to grant IFL to HURL, Department of Fertilizers prepared a draft Loan Agreement, as per rule 253(2) (i) GFR, 2017, which is to be executed between Department of Fertilizers and HURL. A copy of same has been sent to Department of Economic Affairs for their concurrence.
- These Projects are likely to start production by 2021.

The project activities are being monitored closely by Department of Fertilizers through monthly review meetings being held under the chairmanship of Secretary (Fertilizers). Thelast reviewmeetingwas held on23.04.2019. The project activities are being monitored closely by Department of Fertilizers through monthly review meetings being held under the chairmanship of Secretary (Fertilizers). The last review meeting was held on 23.04.2019.

5. **Expenditure position:**

As against an available budget of Rs. 78476.00 Crore for F.Y. 2019-20, expenditure on administration of fertilizer subsidy during April 2019 was Rs. 17075.15 Crore (P&K : Rs. 5405.21 Crore, Urea: 11669.65 Crore, & Exp. On DBT professional 0.29 Crore) i.e. 21.76% of the total allocation.

6. **Submission of Cabinet Note:**

**i. FACT Land sale to Government of Kerala:** As per directions of PMO given in the meeting held on 10.08.2018, the proposal for sale of FACT land to Government of Kerala has been delinked from the restructuring proposal. Advance copies of the Cabinet Note were forwarded to Cabinet Secretariat & PMO for further directions/ comments, if any.

**ii. MFL Restructuring**: As per directions of PMO given in the meeting held on 10.08.2018, the proposal for sale of land to CPCL is under examination. NOC from Government of Tamilnadu has been received. MFL has furnished the consolidate proposal in this regard along with final circle rate of the land. The matter was taken up with Ministry of Petroleum & Natural Gas for their concurrence to the proposal for sale of 70 acres of land of MFL to CPCL. MoP&NG has informed on 30.04.2019 that CPCL will take action for purchase of 4.98 acres of land first. For balance 65 acres of land, CPCL will approach MFL after carrying out a detailed study on utilization plan and firming up a commercially viable plan.

**iii. Revival of Haldia unit:** Final copies of the CCEA Note were forwarded to the Cabinet Secretariat on 26.07.2018. The proposal for handing over of HFCL land at Haldia to KoPT was delinked from the CCEA Note and has been taken up separately as per Cabinet Secretariat's directions in consultation with Department of Expenditure.

******

फा. सं. 16015/1/2019-पीएमआई
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 24th मई, 2019

कार्यालय ज्ञापन

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह अप्रैल, 2019 का मासिक सार-एतद्संबंधी।**

अधोहस्ताक्षरी को माह अप्रैल, 2019 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

जोहन टोपनो
(जोहन टोपनो)
उप सचिव, भारत सरकार

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि निम्नलिखित को :

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए एनआईसी को।

विषय: माह अप्रैल, 2019 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार।

1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:

(आंकड़े लाख मी.टन में)

| उत्पाद का नाम | माह के दौरान उत्पादन | इस माह तक संचयी उत्पादन |
|---|---|---|
| यूरिया | 16.51 | 16.51 |
| डीएपी | 4.18 | 4.18 |
| अमोनियम सल्फेट (ए/एस) | 0.32 | 0.32 |
| मिश्रित उर्वरक | 5.20 | 5.20 |
| सिंगल सुपर फॉस्फेट | 2.56 | 2.56 |

स्रोत : mfms.nic.in 8.5.2019 की स्थिति के अनुसार

2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:

(आंकड़े लाख मी.टन में)

| उत्पाद का नाम | आकलित आवश्यकता | उपलब्धता | बिक्री |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 17.82 | 25.07 | 14.05 |
| डीएपी | 6.33 | 16.72 | 3.01 |
| एमओपी | 2.35 | 4.43 | 0.84 |
| मिश्रित | 5.16 | 19.08 | 2.40 |

आंकड़ों का स्रोत iFMS है।

3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:

| उत्पाद का नाम | मात्रा लाख मी.टन में |
|---|---|
| यूरिया | 1.75 |
| कृषि उपयोग हेतु एमओपी | 2.78 |
| डीएपी | 5.38 |
| एनपीके | 0.44 |

4. एफसीआईएल/एचएफसीएल की बंद इकाइयों के पुनरुद्धार की स्थिति:

(क) रामागुण्डम इकाई का पुनरुद्धार:

एफसीआईएल की रामागुण्डम इकाई का पुनरुद्धार पीएसयूज नामत: इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल), नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) और एफसीआईएल के एक परिसंघ द्वारा 1.27 एमएमटीपीए क्षमता के गैस-आधारित उर्वरक संयंत्र की स्थापना करके नामांकन आधार पर किया जा रहा है। 30 अप्रैल, 2019 तक परियोजना की वास्तविक प्रगति 96.4% हुई है। परियोजना को वित्त वर्ष 2019-20 में शुरू किए जाने की संभावना है।

सचिव (उर्वरक) की अध्यक्षता में होने वाली मासिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से उर्वरक विभाग द्वारा परियोजना गतिविधियों की गहन निगरानी की जा रही है। विगत समीक्षा बैठक 23.04.2019 को हुई थी। पूर्ण की गई प्रमुख प्रगति यह रही कि ट्रांस्को स्विचयार्ड को 30.03.2019 को ग्रिड पावर प्रदान की गई। हालांकि यह पाया गया कि चार कांट्रेक्टर नामतः जलभराव के लिए विप्रो, प्रिलिंग टॉवर के लिए सिम्पलैक्स, यूटिलिटी बॉयलर और ट्यूब के लिए बीएचईएल और गैस कनैक्टिविटी के लिए जीआईटीएल अपनी निर्धारित समय-सीमा का पालन करने से बहुत अधिक चूक गए। इससे पहले इन कांट्रेक्टरों/निष्पादन एजेंसियों ने अपने कार्य के इंस्टालेशन/निष्पादन को मार्च, 2018 (विप्रो), सितम्बर, 2018 (बीएचईएल), जून, 2018 (प्रिलिंग टॉवर हेतु सिम्पलैक्स) और दिसम्बर, 2018 (बाद में 28.02.2019 में बदला गया) (जीआईटीएल) तक पूरा करने का आश्वासन दिया था। तथापि, 23.04.2019 को मासिक समीक्षा से यह पाया गया कि जीआईटीएल को छोड़कर अन्य तीन उनसे संबंधित निष्पादन को अगस्त, 2019 तक पूरा कर पाएंगे। इसका इस पुनरुज्जीवित यूनिट से यूरिया के व्यावसायिक उत्पादन की अंतिम समय-सीमा को पूरा करने पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। उनकी ओर से विलम्ब होने से परियोजना को शुरू करने में अतिरिक्त 3 माह का विलम्ब होगा। सचिव (उर्वरक) ने इन संगठनों के प्रमुखों के साथ मामले को उठाया है ताकि उनसे संबंधित घटकों का निष्पादन शीघ्रता से हो।

मई, 2019 के पहले सप्ताह तक जल संयंत्र की भौगोलिक सीमा उपलब्ध कराने और 33.68 करोड़ रुपए की शेष साम्या जारी करने से संबंधित मामले पर तेलगांना राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई ताकि इस मामले को शीघ्रता से पूरा किया जाए।

तूफान के पानी और उपचार किए गए अपशिष्ट के निपटान संबंधी मामले पर भी बैठक में चर्चा की गई। विद्यमान नालों को चौड़ा करने और उनकी सफाई में व्यावहारिक कठिनाई को ध्यान में रखते हुए रामागुण्डम नगर निगम (आरएमसी) ने आरएफसीएल को उपचार किए गए अपशिष्ट के लिए नई पाइप लाइन बनाने के लिए एक भिन्न मार्ग को अपनाने का अनुरोध किया। तदनुसार, आरएमसी के साथ परामर्श से एक वैकल्पिक मार्ग की पहचान की गई जिसको गोदावरी से पुराने संयंत्र तक कच्चा जल की आपूर्ति के लिए अपनाया जाता था। आरएफसीएल ने क्षेत्र के संबंध में इंजीनियरिंग और अन्य सर्वेक्षण कार्य पहले ही शुरू कर दिए हैं और आरएमसी की सहायता की आवश्यकता होने पर उनसे संपर्क किया जाएगा।

**(ख) तलचर इकाई का पुनरुद्धार:**

तलचर इकाई का पुनरुद्धार नामांकित पीएसयू के संयुक्त उद्यम का गठन करके 'नामांकन आधार' के द्वारा किया जा रहा है। संयुक्त उद्यम कंपनी को तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) का नाम दिया गया है। टीएफएल में गेल, आरसीएफ और सीआईएल की प्रत्येक की साम्या 29.67% और एफसीआईएल की साम्या 10.99% है। कोयला गैसीकरण तकनीक आधारित 1.27 एमएमटीपीए क्षमता वाला नया अमोनिया यूरिया संयंत्र लगाया जा रहा है। 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार टीएफएल की कुल प्रगति (परियोजना-पूर्व समग्र) 29% है। टीएफएल कोयला गैसीकरण और अमोनिया यूरिया यूनिट के लिए एलएसटीके संविदा प्रदान करने की प्रक्रिया में है। कोयला गैसीकरण हेतु एलएसटीके की बोली का आकलन 15 मई, 2019 को पूरा हो गया था और अमोनिया यूरिया हेतु एलएसटीके बोली का अंतिम आकलन प्रक्रियाधीन है। एलएसटीके टेंडर से इनपुट्स को शामिल करते हुए अंतिम डीएफआर मई, 2019 के अंत तक संभावित है। इसके पश्चात टीएफएल बोर्ड डीएफआर पर विचार करेगा और एलएसटीके संविदा को प्रदान करने पर निर्णय लेगा।

इस बीच, स्थल समर्थित कार्य (भूमि विकास कार्य) प्रारम्भ हो गया है और 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार हुई प्रगति निर्धारित की गई 72% की तुलना में 24% है। प्रमुख एलएसटीके कार्यों की लेवल रिकार्डिंग पूरी हो गई है और कोयला गैसीकरण क्षेत्र का ग्राउंड लेवलिंग कार्य पूरा होने वाला है। प्रमुख आफसाइट टेंडर जैसे कच्चा जल और अग्नि जलाशय, डीएम जल, कच्चा जल प्रणाली, संयंत्र/इंस्ट्रमेंट एअर प्रणाली के संबंध में पीडीआईएल ने सूचित किया है कि सभी टेंडर तैयार किए जा रहे हैं और अप्रैल के अंत/मई 2019 के पहले सप्ताह तक उनके आंतरिक अनुमोदन के बाद टीएफएल को अंतिम टेंडर प्रदान किया जाएगा।

कोयला मंत्रालय ने दिनांक 28.03.2019 के अ.शा. पत्र के द्वारा उत्तर अर्खपाल कोयला खान के संबंध में निष्पादन बैंक गारंटी को प्रस्तुत करने के समय को 31 जुलाई, 2019 तक बढ़ाने के लिए मंजूरी दे दी है।

सचिव (उर्वरक) की अध्यक्षता में होने वाली मासिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से उर्वरक विभाग द्वारा परियोजना गतिविधियों की गहन निगरानी की जा रही है। विगत समीक्षा बैठक 23.04.2019 को हुई थी।

**(ग) गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी इकाइयों का पुनरुद्धार:**

गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी इकाइयों का पुनरुद्धार प्रत्येक 1.27 एमएमटीपीए क्षमता के गैस आधारित उर्वरक संयंत्र स्थापित करके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों नामत: नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, कोल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड और फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड/हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के विशेष प्रयोजन तंत्र के माध्यम से किया जा रहा है। इन परियोजनाओं की स्थिति निम्नानुसार है:

हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) के नाम से संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन किया गया है।

तीनों परियोजनाओं के संबंध में परियोजना-पूर्व गतिविधियों, अर्थात पूर्व-व्यवहार्यता, भू-तकनीकी जांच और जल-स्थलाकृतिक अध्ययन तथा भू-गर्भीय तथा भूमिगत जल की उपलब्धता हेतु अध्ययन पूरा कर लिया गया है। इन परियोजनाओं का विकास निम्नानुसार है:

- 25.03.2019 की स्थिति में एचयूआरएल की बरौनी इकाई और गोरखपुर इकाई का समग्र विकास क्रमश: 22.80%, 23% और 41.65% रहा जोकि अधिकतर समय-सीमा के अनुसार है।
- एचयूआरएल को आईएफएल प्रदान करने के सीसीईए के निर्णय के अनुसरण में उर्वरक विभाग ने जीएफआर, 2017 के नियम 253(2) (i) के अनुसार मसौदा ऋण करार तैयार किया है जिसका निष्पादन उर्वरक विभाग और एचयूआरएल के मध्य किया जाएगा। इसकी प्रति आर्थिक कार्य विभाग को उनकी सहमति प्रदान करने के लिए भेजी गई है।
- ये परियोजनाएं संभवत: वर्ष 2021 तक उत्पादन प्रारम्भ कर देंगी।

सचिव (उर्वरक) की अध्यक्षता में होने वाली मासिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से उर्वरक विभाग द्वारा इन परियोजनाओं की गतिविधियों की गहन निगरानी की जा रही है। विगत समीक्षा बैठक 23.04.2019 को हुई थी।

**5. व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2019-20 के लिए 78476.00 करोड़ रुपये के उपलब्ध बजट की तुलना में अप्रैल, 2019 के दौरान उर्वरक राजसहायता प्रदान करने पर 17075.15 करोड़ रुपये (पीएण्डके : 5405.21 करोड़ रुपये, यूरिया: 11669.65 करोड़ रुपये, और डीबीटी व्यावसायिक व्यय 0.29 करोड़ रुपये) व्यय हुए थे, अर्थात कुल आवंटन का 21.76% व्यय हुआ था।

6. मंत्रिमंडल नोट की प्रस्तुतिः

(i) **केरल सरकार को फैक्ट की भूमि की बिक्री:** दिनांक 10.08.2018 को हुई बैठक में पीएमओ द्वारा दिए गए निर्देशानुसार केरल सरकार को फैक्ट की भूमि की बिक्री के प्रस्ताव को पुनर्संरचना के प्रस्ताव से अलग कर लिया गया है। मंत्रिमंडल नोट की अग्रिम प्रतियां मंत्रिमंडल सचिवालय और प्रधानमंत्री कार्यालय को अनुवर्ती निदेश/टिप्पणियां, यदि कोई हों, प्राप्त करने के लिए अग्रेषित कर दी गई थीं।

(ii) **एमएफएल का पुनर्गठन:** दिनांक 10.08.2018 को हुई बैठक में पीएमओ द्वारा दिए गए निर्देशानुसार सीपीसीएल को भूमि की बिक्री के प्रस्ताव की जांच की जा रही है। तमिलनाडु सरकार से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गया है। एमएफएल ने इस संबंध में भूमि के अंतिम सर्कल दर के साथ समग्र प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिया है। यह मामला पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ सीपीसीएल को एमएफएल की 70 एकड़ भूमि की बिक्री के प्रस्ताव पर उनकी सहमति प्राप्त करने हेतु उठाया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 30.04.2019 को सूचित किया कि सीपीसीएल सर्वप्रथम 4.98 एकड़ भूमि की खरीद पर कार्रवाई करेगा। शेष 65 एकड़ भूमि के लिए सीपीसीएल उपयोगिता योजना पर विस्तृत अध्ययन करके और व्यवसायिक रूप से व्यवहार्य योजना तैयार करने के बाद एमएफएल से सम्पर्क करेगा।

(iii) **हल्दिया इकाई का पुनरुद्धार किया जाना:** अंतिम रूप से तैयार किए गए सीसीईए नोट की प्रतियां 26.07.2018 को मंत्रिमंडल सचिवालय को भेजी गई थी। हल्दिया में एचएफसीएल की भूमि को केओपीटी को सौंपे जाने का प्रस्ताव सीसीईए नोट से अलग कर लिया गया था और इसे मंत्रिमंडल सचिवालय के निर्देशानुसार व्यय विभाग के परामर्श से पृथक रूप से प्रस्तुत किया गया है।

******